<u>हिन्दी दिवस समारोह- 2020 का वर्चुअल आयोजन: एक रिपोर्ट</u>

परमाणु ऊर्जा विभाग की पांच यूनिटों (परमाणु ऊर्जा नियामक परिषद; भारी पानी बोर्ड; निर्माण, सेवा एवं संपदा प्रबंधन निदेशालय; क्रय और भंडार निदेशालय तथा विकिरण एवं आइसोटोप प्रौद्योगिकी बोर्ड) की संयुक्त राजभाषा समन्वय समिति के तत्वावधान में दिनांक 14 सितम्बर, 2020 को 11.00 बजे "हिन्दी दिवस समारोह" का वर्चुअल आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ श्रीमती गौतमी आल्वे द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ ।

एईआरबी द्वारा आयोजित हिंदी दिवस के इस अवसर पर एईआरबी के अध्यक्ष श्री जी. नागेश्वर राव ने ऑनलाइन के माध्यम से (वर्चुअली) कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने अपने संबोधन में संघ सरकार की राजभाषा, सम्पर्क भाषा और विश्वभाषा के रुप में हिंदी के बढते महत्व पर प्रभावी ढंग से प्रकाश डालते हुए सरकारी कार्यालयों में भी राजभाषा के प्रयोग को बढाने के लिए उत्साहवर्धक वातावरण के निर्माण करने पर जोर दिया । हिंदी के प्रति सांविधिक एवं संवैधानिक दायित्व का स्मरण कराते हुए उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी में अधिक से अधिक सरकारी कार्य करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया ।

श्री जी नागेश्वर राव, एईआरबी के अध्यक्ष, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हिंदी दिवस समारोह को संबोधित करते हैं

इस वर्चुअल कार्यक्रम में भारी पानी बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी डॉ. यू. कामाची मुदली, ब्रिट के मुख्य कार्यकारी श्री प्रदीप मुखर्जी, क्रय एवं भंडार निदेशालय (डीपीएस) के निदेशक श्री गौतम पाल, एवं डीसीएसईएम के कार्यकारी निदेशक संजय कुमार जासवाल ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने अपने अपने कार्यालयों में किए जा रहे हिंदी के व्यापक प्रचार-प्रसार की सराहना की।

संयुक्त राजभाषा समन्वय समिति की सदस्य सचिव श्रीमती अनुराधा दोडके के धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन श्री भास्करानंद झा, सहायक निदेशक (राभा), एईआरबी ने किया।